संत थॉमस स्कूल,धुर्वा, राँची

सत्र (2021-22)

कक्षा -7

विषय - हिंदी

पाठ-3.शह और मात

मौखिक - प्रश्न

प्रश्न-1. गाँव के चौधरी ने सेठ को क्या बेचा ?

उत्तर-गाँव के चौधरी ने सेठ को लकड़िया बैंची।

प्रश्न-2. सेठ अपनी किस बात पर अड़ा रहा?

उत्तर-सेठ लकड़ियों के साथ पूरी बैलगाड़ी लेने के लिए अड़ा रहा।

प्रश्न-3. दूसरे दिन चौधरी के बेटे ने क्या किया?

उत्तर-दूसरे दिन चौधरी के बेटे ने सेठ से बदला लेने के लिए लकड़ियों से भरी बैलगाड़ी लेकर उसी नगर में बेचने गया जहाँ सेठ रहता था।

प्रश्न-4. सेठ को गाड़ी का दाम बता कर चौधरी के बेटे ने मन ही मन क्या सोचा?

उत्तर- सेठ को गाड़ी का दाम बता कर चौधरी के बेटे ने मन ही मन सोचा कि यह वही सेठ है। इसे जिंदगीभर के लिए लकड़ियाँ खरीदना न भुला दिया तो अपना यह मुँह घर नहीं जाऊँगा।

प्रश्न-5. मुट्ठी पर हँसिए का रगड़ा पड़ने पर सेठ ने गाड़ी वाले से क्या कहा?

उत्तर-मुट्ठी पर हँसिए का रगड़ा पड़ने पर सेठ ने गाड़ी वाले से कहा, मुझसे गलती हुई

है।मुझ पर दया करके मेरी गलती माफ कर दो।

प्रश्न-6. चौधरी के बेटे ने सेठ को क्या दंड दिया?

उत्तर-चौधरी के बेटे ने सेठ को दंड देते हुए कहा, कि मेरे पैर पर अपनी पगड़ी रखकर बात बार नाक रगड़ो।

लघु उत्तरीय - प्रश्न

प्रश्न-1. सेठ ने चौधरी को गाड़ी और बैलों की कितनी कीमत चुकाई?

उत्तर-सेठ ने चौधरी को गाड़ी और बैलों की कीमत पाँच रूपए चुकाई।

प्रश्न-2. कौन पाँव घिसटता हुआ हवेली से निकला और गावँ की ओर चल दिया?

उत्तर-बूढ़ा चौधरी पाँव घिसटता हुआ हवेली से निकला और गाँव की ओर चल दिया।

प्रश्न-3. सेठ ने दोनों मुट्ठियों में क्या बंद किया?

उत्तर-सेठ ने दोनों मुट्ठियों में एक-एक टका बंद किया।

प्रश्न-4. सेठ ने कितनी बार ज़मीन पर नाक रगड़ी?

उत्तर-सेठ ने सात बार ज़मीन पर नाक रगड़ी।

प्रश्न-5. कौन दोनों बैल गाड़िया ँअपने साथ लेकर लौटा?

उत्तर-बूढ़ा चौधरी का छोटा बेटा दोनों बैलगाड़ियाँ अपने साथ लेकर घर लौटा।

दीर्घउत्तरीय - प्रश्न

प्रश्न-1."मेरे समझने में भूल हो गई। मैंने तो लकड़ियों का मोल बताया था।"ये शब्द किसने कहे तथा क्यों?

उत्तर-ये शब्द बूढ़े चौधरी के हैं। उसने सेठ से कहा क्योंकि उसने तो पाँच रूपए लकड़ी की कीमत बताई थी।परंतु सेठ पाँच रूपए में ही लकड़ी गाड़ी सहित लेने के लिए चौधरी पर दबाव बना रहा था। वह बूढ़े चौधरी को अपनी गाड़ी नहीं ले जाने दे इसलिए बूढ़ा चौधरी सेठ की बात पर अपना पक्ष रख रहा था और गाड़ी देने से मना कर रहा था ।

प्रश्न-2. चौधरी के बेटों को किस कारण क्रोध आया? उन्होंने क्रोधवश होकर क्या कहा?

उत्तर-चतुर सुजान सेठ के आगे बूढ़े चौधरी की एक न चली। वह सेठ के द्वारा ठगा गया। उसे बिना गाड़ी के पैदल ही शहर से गाँव आना पड़ा। यह देख कर उसके चारों बेटों को सेठ पर बहुत क्रोध आया। उन लोगों ने सेठ की ईंट से ईंट बजा देने की बात कही। छोटे बेटे ने कहा कि वह अकेला ही निपट सकता है। उसी का तराजू, उसी का बाट, और उसी के भाव से उसका हिसाब चुकाएगा ।

प्रश्न-3. चौधरी के बेटे ने सेठ से किस प्रकार बदला लिया?

उत्तर-चौधरी का छोटा बेटा सेठ के नगर में दोबारा एक गाड़ी लकड़ी लेकर बेचने गया और उसकी कीमत दो मुट्ठी टके बताए।जब सेठअपनी दोनों मुट्ठियों में एक-एक टके लेकर आया तब चौधरी के लड़के ने उसकी मुट्ठी पकड़ ली और हँसिए रगड़ने लगा इससे सेठ डर गया। जब चौधरी के लड़के ने सेठ की जवान की याद दिलाई तब सेठ को अपनी गलती पर पछतावा हुआ। वह सेठ से अपनी बैलगाड़ी, पाँच सौ रुपए के साथ लिया और अपने पैर पर उसकी पगड़ी रखवाया साथ ही सात बार नाक रगड़वाकर सेठ से बदला लिया।

<u>पठित गद्यांश प्रश्न</u>

प्रश्न-क. सेठ ने बूढ़े चौधरी को गाड़ी का क्या दाम बताया?

उत्तर-पाँच रूपए

प्रश्न-ख. उपहास का क्या अर्थ है?

उत्तर-अपमान, निरादर, उपेक्षा

प्रश्न-ग. चौधरी के चौथे बेटे में कौन सा गुण था?

उत्तर-बुद्धिमानी

प्रश्न-घ. चौधरी का बेटा शहर जाकर किससे मिला?

उत्तर-सेठ से

प्रश्न-ङ. चौधरी ने गाड़ी में रखी तमाम____निकालकर आँगन में रख दी।

उत्तर-लकड़ियाँ

प्रश्न-3. किसने, किससे कब और क्यों कहा?

क-"खबरदार गाड़ी और बैलों को हाथ मत लगाना।"

उत्तर-सेठ ने बूढ़े चौधरी से कहा, जबर लकड़ी रखकर अपनी गाड़ी लेकर हवेली से निकलने वाला था।

ख-"बैलगाड़ी तो ठिकाने लगी।"

उत्तर-बूढ़े चौधरी ने अपने बच्चों से कहा, जब वह बिना गाड़ी के पैदल ही अपने गाँव आया तो लड़कों ने उनसे गाड़ी के संबंध में पूछताछ की, तब बूढ़े चौधरी खीझकर बच्चों से कहा।

ग-"एक ही बात बता दूँ कि गाड़ी के दो मुट्ठी टके लूँगा।"

उत्तर-बूढ़े चौधरी के छोटे बेटे ने सेठ से कहा। वह सेठ को अपनी लकड़ी बेच रहा था, और उसके लिए उसे उसकी गलती बताना आवश्यक था।

घ-"गाड़ी के साथ दंड के पाँच सौ रूपए भी दूँगा।"

उत्तर- सेठ ने चौधरी के बेटे से कहा। क्योंकि सेठ की मुट्ठियों पर चौधरी का बेटा हंसिए से रगड़ रहा था।